31/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला भारत की नारी शक्ति के लिए एक चुनौती है और यह अपराधियों के लिए चेतावनी साबित हुआ है। भोपाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत किसी भी तरह के प्रोक्सी वार को बर्दाश्त नहीं करेगा और इस तरह के आतंकी कृत्यों का कड़ा जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री आज मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान में लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की बहादुरी का प्रतीक बन गया है।

Byte by PM

0000000000000000000000000

राज्य में लगातार हो रही बारिश के कारण हुए भूस्खलन से नौ लोगों की जान चली गई। शुक्रवार रात राष्ट्रीय राजमार्ग-13 पर बाना और सेप्पा के बीच भूस्खलन के कारण एक वाहन का गहरी खाई में गिरने से सात लोगों की मृत्यु हो गई। सूत्रो के अनुसार इस दुर्घटना में दो गर्भवती महिलाओं और चार बच्चे शामिल है। एक अन्य घटना में, जीरो में पाइन ग्रोव के पास भूस्खलन से एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। दोनों ही दूसरे राज्य से थे। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है कि एसडीआरएफ, आईटीबीपी और स्थानीय लोगों की मदद से उनके शव बरामद किए गए।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज राजभवन, ईटानगर स्थित विवेकानंद हॉल में **13th राजपुताना राइफल्स, 9th ग्रेनेडियर्स और 31st असम राइफल्स** को उनके असाधारण व्यावसायिकता, परिचालन कौशल तथा जिला प्रशासन एवं राज्य की स्थानीय आबादी के साथ मजबूत तालमेल बनाने के लिए राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल ने परिचालन कर्तव्यों के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए इन इकाइयों के समर्पण और व्यावसायिकता की सराहना की। उन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा की रक्षा करने और संवेदनशील भारत-म्यांमार सीमा पर प्रभावी सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने में उनके अथक प्रयासों की सराहना की, जिसके स्पष्ट और सार्थक परिणाम सामने आए हैं।

000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने शुक्रवार को फिर से पुष्टि की है कि, सियांग अपर मल्टिपर्पस प्रोजेक्ट की प्रगति इसकी पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट (पीएफआर) के पूरा होने और उसके बाद पब्लिक से परामर्श पर निर्भर करेगी। स्थानीय लोगों की सहमति के महत्व पर जोर देते हुए, श्री खांडू ने आश्वासन दिया कि पीएफआर लोगों को विस्थापित किए बिना या भूमि को नुकसान पहुंचाए बिना जियोलॉजिकल सर्वे करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, "पीएफआर और सार्वजनिक सुनवाई के बाद ही हम लोगों की इच्छा के आधार पर आगे का फैसला करेंगे।"

परियोजना के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए, श्री खांडू ने कहा कि यह न केवल एक ऊर्जा पहल के रूप में बल्कि सीमा के पास चीन के प्रस्तावित साठ हजार मेगावाट बांध के जवाब में राष्ट्रीय सुरक्षा उपाय के रूप में भी कार्य करेगा है। उन्होंने नदी के प्रवाह पर चीनी नियंत्रण के कारण संभावित बाढ़ या पानी की कमी के बारे में भी चेतावनी दी है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज नाहरलागुन में ओजू वेलफेयर एसोसिएशन परिसर में OWA के चेयरमैन रतन आन्या की मौजूदगी में G+2 RCC कौशल विकास बहुउद्देश्यीय भवन की आधारशिला रखी। इस नई सुविधा का उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को व्यावसायिक कौशल से लैस करके उन्हें सशक्त बनाना और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। अपने दौरे के दौरान, मुख्यमंत्री ने OWA परिसर में कई प्रमुख इकाइयों का दौरा किया, जिसमें कटिंग-कम-टेलरिंग प्रशिक्षण केंद्र, बुनाई और उत्पाद परिष्करण इकाई शामिल है, जो पारंपरिक शिल्प कौशल को आजीविका के स्रोत के रूप में प्रदर्शित करती है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए एक अल्पकालिक प्रवास गृह - शक्ति सदन का भी दौरा किया। श्री खांडू ने शिक्षा, देखभाल और सशक्तीकरण के माध्यम से जरुरतमंद समुदायों के उत्थान में OWA के अथक प्रयासों की सराहना की।

0000000000000000000000

याचुली विधायक तोको तातुंग को नेशनल कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), अरुणाचल प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एनसीपी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री तातुंग के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश में पार्टी की उपस्थिति और संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए नई

ऊर्जा और प्रतिबद्धता लाने की उम्मीद है। एनसीपी राज्य में पार्टी के मिशन को आगे बढ़ाने और इसके मूल्यों को बनाए रखने के लिए उनके सक्रिय योगदान की आशा रखती है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, लोअर सुबनसिरी, ईस्ट सियांग, अंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए ऑरेंज अलर्ट साथ ही तवांग, ईस्ट कामेंग, पापुम पारे, अपर सियांग, लोअर सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली और लोअर दिबांग वैली जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000

केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), क्षेत्रीय कार्यालय, ईटानगर, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आज जेएनके पब्लिक स्कूल, ईटानगर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक विशेष आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और आम जनता के बीच तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना और तंबाकू मुक्त जीवन शैली को बढ़ावा देना था। स्कूल के प्रिंसिपल शिजॉय कुरियन ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। सीबीसी, क्षेत्रीय कार्यालय, ईटानगर के प्रभारी, प्रशांत दास ने तंबाकू सेवन के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में युवाओं को शिक्षित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से सही निर्णय लेने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया।